● वर्ष : 3 ● अंक : 10 ● 15 जनवरी 2024 ● मूल्य : 200/- वार्षिक

# स्काउट गाइड दर्पण

हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स की आमुख पत्रिका












झाड़ौदा कला, दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कला प्रदर्शन शिविर में राजस्थान के पदाधिकारी



सहायक शासन सचिव स्कूल शिक्षा दीपेश सामनानी ने युवा दिवस कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया

राज्य सचिव श्री नरेंद्र औदिच्य का श्रीगंगानगर मुख्यालय पधारने पर स्वागत करते राज्य संगठन आयुक्त श्री रिपुदमन सिंह गिल, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त श्री प्रदीप मेघवाल, संभाग सचिव श्री निर्मल जैन, डीओ स्काउट श्री संदीप मांझू, डीओ गाइड सुश्री मीनू और डीओ श्री दीपक यादव






## प्रेरणा स्त्रोत

**नवीन जैन**
आईएएस , स्टेट चीफ कमिश्नर

**आशुतोष एटी पेंडणेकर**
आईएएस, स्टेट कमिश्नर (रोवर)

**मंजू राजपाल**
आईएएस, स्टेट कमिश्नर (गाइड)

**काना राम**
आईएएस, स्टेट कमिश्नर (स्काउट)

**नाना लाल वया**
प्रदेश कोषाध्यक्ष

# इस अंक में


- सन्देश ........ 4
- सन्देश ........ 5
- राज्य पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का किया अभिन्दन........ 6
- हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स के प्रतिनिधि मण्डल ने की राज्यपाल से मुलाकात........ 7
- राज्य पदाधिकारियों ने की राष्ट्रपति से मुलाक़ात ........ 8
- हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड के बच्चो ने की राष्ट्रपति से मुलाक़ात........ 9
- कब मास्टर फ्लॉक लीडर बेसिक कोर्स शिविर का आयोजन ........ 10
- मतदाता जागरूकता के लिए आयोजित रैली को सिविल न्यायाधीश ने ........ 11
- डॉ. अनुज शर्मा बने हिन्दुस्तान स्काउट एण्ड गाइड्स गंगापुर सिटी के........ 12
- हनुमानगढ़ में कोमल पद पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन ........ 13
- इलेक्शन जागरूकता अभियान की झलकियां ........ 14-17
- हिन्दुस्तान स्काउट एवं गाइड राजस्थान राज्य की राज्य स्तरीय कार्यशाला ........ 18
- विजय दिवस समारोह में स्काउट गाइड की टीम ने लिया हिस्सा........ 19
- देश में स्काउट/गाइड यात्रा........ 20-21
- विकसित भारत संकल्प यात्रा में स्काउट गाइड ने किया योजनाओ के प्रति जागरूक ........ 22
- श्रीगंगानगर में स्काउटर गाइडर बेसिक एडवांस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन........ 23
- झुंझनू में बेजुबान पक्षियों के लिए लगाए गए परिंड़ेदौसा में एक दिवसीय ........ 24


## संपादक की कलम से



साथियो, नव वर्ष का आगमन हो चुका है. आप सभी को नव वर्ष की हार्दिक बधाई और शुभकामनाये. हर कोई नव वर्ष के लिए अपने अपने लक्ष्य तय करता है. हमें भी स्काउटिंग के परिपेक्ष्य में कुछ नए संकल्प, नए लक्ष्य तय करने चाहिए ताकि बीते साल में जो छूट गया उसे इस वर्ष में हासिल कर ले और जो अच्छा हुआ, उसे और अधिक बेहतर इस वर्ष में करने की कोशिश करें. स्काउट गाइड दर्पण का नया अंक आपके हाथो में है, उम्मीद है आपको पसंद आया होगा.

– कुलदीप गोयल, राज्य मुख्यालय आयुक्त (जनसम्पर्क)


प्रेषक :– हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य नजदीक गुरू गोविन्द सिंह स्कूल, गांधी ग्राउंड चेतक सर्किल उदयपुर, राजस्थान 313001, आर.एन.आई. नं. : **RAJBIL27007**



**सलाहकार मंडल**

| **नरेंद्र औदिच्य** | **रिपुदमन सिंह** | **कविता जैन** | **विजय दाधीच** |
|---|---|---|---|
| राज्य सचिव | राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) | राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) | सहायक सचिव (समन्वयक) |

**सम्पादक**

**कुलदीप गोयल**
राज्य मुख्यालय आयुक्त (जनसम्पर्क)



प्रकाशक व मुद्रक– नरेंद्र औदिच्य, राज्य सचिव, हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य, नजदीक गुरू गोविन्द सिंह स्कूल, गांधी ग्राउंड चेतक सर्किल उदयपुर से प्रकाशित व मैसर्स पूजा प्रिन्टर्स, सी–4, सुदर्शनपुरा इण्डस्ट्रीयल एरिया, 22 गोदाम जयपुर से मुद्रित। सम्पादक : कुलदीप गोयल

**RNI TITLE CODE : RAJBIL27007**, Email : scoutguidedarpan@gmail.com, website : www.hsgrajasthan.com



नोट : स्काउट गाइड दर्पण में प्रकाशित सामग्री प्रस्तोता की अपनी है। इससे हर किसी का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**Naveen Jain, I.A.S.**
**नवीन जैन, आई.ए.एस.**

सत्यमेव जयते

Secretary to Government
School Education, Language, Library
And Panchayati Raj (Elementary Education),
Government of Rajasthan
शासन सचिव
स्कूल शिक्षा, भाषा, पुस्तकालय,
पंचायतीराज ( प्रारम्भिक शिक्षा ) विभाग
राजस्थान सरकार

## संदेश

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता है कि हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य, राज्य मुख्यालय, उदयपुर द्वारा तृतीय रोवर मूट/रेंजर मीट 2024 का आयोजन दिनांक 09 जनवरी, 2024 से 13 जनवरी, 2024 तक प्रस्तावित है।

रोवर मूट/रेंजर मीट एक ऐसा अवसर है जिसमें स्काउट/गाइड के युवा एक जगह एकत्रित होकर विश्व बन्धुत्व का विकास, प्रतिस्पर्धा से आगे बढने का भाव तथा कौशल एवं प्रतिभाओं का प्रदर्शन, नेतृत्व की क्षमता में विकास, टीम भाव से विशाल दृष्टिकोण एवं नवीन कलाओं एवं कौशल का विकास होगा। इस कार्यक्रम में युवा अपने साहस का परिचय देंगे।

आशा है कि रोवर मूट/रेंजर मीट के आयोजन से युवा कार्यक्रम को अधिक मजबूती प्रदान करने में सार्थक होगा। मैं इस अवसर पर प्रकाशित की जा रही स्मारिका के सारगर्भित एवं सार्थक प्रकाशन के साथ ही रोवर मूट/रेंजर मीट कार्यक्रम की सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ।

(नवीन जैन)

Room No. 1213, Second Floor, Main Building, Secretariat, Jaipur - 302005
Tel. : 91 (141) 2227507 * e-mail : secy.schooleducation@rajasthan.gov.in

# सन्देश



**नव वर्ष रजत जयंति की 'शुभकामनाएं'**

हिन्दुस्तान स्काउट्स व गाइड्स ने अपनी यात्रा के 25 वर्ष पूर्ण कर लिए है इस कारण से यह वर्ष हिन्दुस्तान स्काउट्स व गाइड्स के लिए रजत जयंति के लिए महत्वपूर्ण है। भारतीयों को गर्व होना चाहिए कि जिस प्रकार मानव सभ्यता की प्रथम किरण भारत में ही फूटी थी और यहां से पूरे विश्व में उसकी प्रभा फैली उसही प्रकार यह नव वर्ष 2024 के प्रथम उदित सूर्य की किरण की प्रभा से भारत यशस्वी व प्रगति की दौड में अगुवाई कर मानव सभ्यता को जो त्रासदी व संत्रास भोगना पड रहा है और जिसे पीछले वर्ष की उपज कहा जाता है को मानव मात्र के लिए कल्याणकारी बनाने का प्रथम किरण के उदय के साथ ही संकल्प लेना चाहिए। लेकिन पीडित मानवता के तो लिए केवल कलेण्डर का पन्ना बदलने के अलावा स्थिति वही रहेगी। परन्तु स्काउट-गाइड के लिए नर सेवा नारायण सेवा ही मूलमंत्र रहेगा।

चूंकि स्काउटिंग-गाइडिंग आन्दोलन की जडें भारत में गहरी हैं व सेवा, त्याग, बलिदान, सहिष्णुता व पीडित मानवता के प्रति संवेदनशीलता स्काउटिंग के महा वट वृक्ष की शाखायें हें। अतः मानवता का संत्रास से उबारने हेतु स्काउटिंग-गाइडिंग के अनुयायियों को व्रत लेना चाहिए कि इस वर्ष के प्रारम्भ से ही अपने आन्दोलन की मान मर्यादा के अनुरूप कर्म क्षेत्र में डटे रहेगें। क्योकि रजत जयंति, नई चनौतियों व जटिल समस्याएँ लेकर उपस्थित हो रही हैं। इन चुनौतियो का मुकाबला करने हेतु बुद्विजीवियों की निगाहें विश्वव्यापी आन्दोलन स्काउटिंग पर ही लगी हैं।

विश्व की मानवता को तमसो मां ज्योतिर्गमय की भावनानुसार विकारों व व्यथाओं से युक्त करने हेतु जब तक स्काउट-गाइड भी अपने ही मत मतान्तर के लोगो का सहकार कर भागीरथ प्रयत्न नहीं करेंगे तब तक पीडित मानवता का उद्वार नही हो सकता। कराह रही मानवता मानवीय मूल्यों की पुर्नस्थापना हेतु स्काउट्स व गाइड्स जैसे सेवा व्रत धारी संगठनों की ओर आशा व विश्वास के साथ अपने उद्वार हेतु निहार रही है। स्काउट-गाइड जागृत हों एवं कर्मक्षेत्र में अपने जझारू क्रिया कलापों के द्वारा पीडित मानवता की सेवा करते हुए वैसुधैव कुटुम्बकम् की भावना को प्रतिष्ठापित करने में कोई कसर ना छोडें। तभी भारत में दिखाई देने वाली नव वर्ष की प्रथम किरण का दर्शन प्रेरणास्पद ऊर्जादायक व सार्थक सिद्व होगा। विश्वव्यापी स्काउट-गाइड आन्दोलन से जुडे सभी लोगो के लिए नया वर्ष शुभंकर हो।

अभिनन्दन-अभिनन्दन-अभिनन्दन

**- नरेंद्र औदिच्य. राज्य सचिव की कलम सें।**

# सन्देश



सभी स्काउट साथियो को नव वर्ष, मकर संक्राति और गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाये. साथियो स्काउट के कार्यो में समाज सेवा प्रमुख है और हमने इस वर्ष समाजसेवा और स्काउटिंग के कार्यो में गत वर्ष की तुलना में और अधिक कार्य करना है जिससे संगठन और अधिक वृद्धि कर सके. मुझे विश्वास है इस वर्ष स्काउट के क्षेत्र में किये जाने वाले कार्यो के माध्यम से संगठन पूरे देश में अपनी एक छाप छोड़ने में सफल होगा. मुझे खुशी है कि हिन्दुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य संगठन के स्काउट गाइड अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर लोकार्पण में अपनी सेवाएं देने जा रहे हैं. उम्मीद है इस वर्ष सभी आयोजनों में स्काउट गाइड की भागीदारी रहेगी और संगठन नयी ऊंचाई प्राप्त कर सकेगा.

**नाना लाल वया, प्रदेश कोषाध्यक्ष**
**हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स**
**राजस्थान राज्य**



# राज्य पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का किया अभिन्दन

**मुख्यमंत्री ने की संगठन की गतिविधियों की सराहना**

प्रदेश के नए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा से हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स के राज्य पदाधिकारियों ने जयपुर में मुलाक़ात की और अभिन्दन किया. इस दौरान राज्य सचिव श्री नरेंद्र औदिच्य ने मुख्यमंत्री का बुके भेंट कर स्वागत किया वहीं राज्य संगठन आयुक्त श्री रिपुदमन सिंह ने स्काउट स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया. सहायक राज्य संगठन आयुक्त श्री मनोज त्रिवेदी, जिला आर्गेनाइजर जयपुर नकुल मीणा ने मुख्यमंत्री को संगठन द्वारा आयोजित की जा रही गतिविधियों की जानकारी प्रदान की. मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संगठन द्वारा किये जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की.




## रक्तदान शिविर में स्काउट गाइड ने दी सेवाएं

हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय दौसा की स्काउट गाइड की टीम ने सेवा परमो धर्म संस्था द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में हिस्सा लिया और व्यवस्था बनाने में सहयोग किया. जिला आर्गेनाइजर सोनू शर्मा ने बताया कि इस दौरान स्काउट गाइड के सदस्यों ने आमजन को रक्तदान के लिए जागरूक भी किया और खुद भी रक्तदान किया. संस्था की संस्थापक नेहा राज चर्तुवेदी ने आभार व्यक्त किया।

# हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स के प्रतिनिधि मण्डल ने की राज्यपाल से मुलाकात



हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स के राज्य पदाधिकारियों ने राजभवन में राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से मुलाकात की. इस दौरान राज्य सचिव श्री नरेंद्र औदिच्य और सहायक सचिव समन्वयक श्री विजय दाधीच ने राज्यपाल को संगठन द्वारा आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी. राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा कि स्काउट और गाइड में विद्यार्थियों की भागीदारी और बढ़ाई जाए। स्काउट और गाइड संगठन अपने प्रशिक्षण में ऐसी गतिविधियां शामिल करें जिससे प्रतिभा संपन्न व्यक्तित्व का निर्माण हो और देश को सुदृढ़ नागरिक प्राप्त हों। इस मौके पर राज्यपाल ने संगठन के बच्चों को शैक्षिक भ्रमण कराने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि विविध स्थलों, अभ्यारणों पर बच्चों को ले जाएं। उन्हें भ्रमण स्थल की ऐतिहासिक और भौगोलिक व स्मरणीय तथ्यों की जानकारी भी दें। इस दौरान राज्य संगठन आयुक्त गाइड श्रीमती कविता जैन और जिला आर्गेनाइजर उदयपुर श्रीमती शांता वैष्णव भी मौजूद रहे

## स्काउट गाइड ने सीकर में विकसित भारत संकल्प यात्रा में संभाली व्यवस्थाएं




जिला प्रशासन सीकर द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी, राज्य सभा सांसद श्री घनश्याम तिवाडी, लोक सभा सांसद श्री सुमेदानंद सरस्वती, जिला कलेक्टर सीकर श्री सौरभ स्वामी शामिल हुए. इस दौरान हिंदुस्तान स्काउट गाइड के रोवर्स सुनील यादव ओर सुरेन्द्र कुमार यादव की लीडरशीप में व्यवस्थाएं संभाली और सेवा दी. स्काउट गाइड में सदस्यों ने आमजन को केंद्र सरकार की योजना के बारे में भी जानकारी प्रदान की।

# राज्य पदाधिकारियों ने की राष्ट्रपति से मुलाक़ात

## स्मृति चिन्ह भेंट कर किया राष्ट्रपति का स्वागत

हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड के राज्य पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस दौरान राष्ट्रपति को स्मृति चिन्ह देकर उनका अभिन्दन किया गया. राज्य सचिव श्री नरेंद्र औदिच्य ने राष्ट्रपति को संगठन की गतिविधियों की जानकारी दी. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण करवाने और उसके बाद उनसे अनुभव लिखवाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि इससे बच्चों में निरीक्षण की क्षमता का विकास होता है और वे आगे चलकर एक जिम्मेदार अधिकारी हो सकते हैं। उन्होंने बच्चों को जेल भ्रमण कराकर कानून और व्यवस्था की जानकारी कराने, देश की समस्याओं की जानकारी कराने को भी कहा. इस दौरान राज्य संगठन आयुक्त स्काउट श्री रिपुदमन सिंह, राज्य संगठन आयुक्त गाइड श्रीमती कविता जैन और सहायक सचिव समन्वयक श्री विजय दाधीच भी मौजूद रहे.



## डॉ. सतपाल स्वामी को शिक्षा संकायाध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर सम्मान



महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर द्वारा डॉ. सतपाल स्वामी को शिक्षा संकायाध्यक्ष (डीन) नियुक्त किए जाने पर हिन्दुस्तान स्काउट एवं गाइड जिला मुख्यालय गंगानगर के द्वारा सम्मान किया गया. जिला ऑर्गेनाइजर (स्काउट) सन्दीप मांझू ने बताया की डीन डॉ. सतपाल स्वामी का जिला मुख्यालय पहुचने पर जोरदार स्वागत किया गया. गाइड किरण द्वारा तिलक लगाकर व डी. ओ. गाइड मीनू रानी व स्काउट मास्टर अशोक त्यागी ने स्कार्फ पहनाकर व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया. डॉ. सतपाल स्वामी ने अपने सम्बोधन में सभी का आभार प्रकट किया. जिला ऑर्गेनाइजर (गाइड) मीनू रानी, स्काउट मास्टर अशोक त्यागी, जिला ट्रेनर भवानी शंकर, सुषमा, हरमन, अनुज, सूरज, सुनील कालवा, राजकुमार, जशनदीप, प्रवीण कुमार उपस्थित रहे।



# हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड के बच्चो ने की राष्ट्रपति से मुलाक़ात





बाल दिवस के अवसर पर 14 नवंबर को राष्ट्रपति भवन में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड जयपुर के जिला ऑर्गेनाइजर जयपुर श्री रूपेश कुमार मीणा के नेतृत्व में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के बालक, बालिकाओं ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस दौरान स्काउट गाइड के बच्चो ने राष्ट्रपति भवन में संग्रहालय का अवलोकन कर ऐतिहासिक जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बाल सुलभ मनोरंजन तथा राष्ट्रपति भवन परिसर में भ्रमण का आनंद लिया। इस दौरान राष्ट्रपति महोदया द्रौपदी मुर्मु ने स्काउट गाइड को सेवा कार्यो को लगातार करते रहने की बात कही. इस अवसर पर प्रधानाचार्य जिला मुख्यालय आयुक्त सुमन शर्मा, स्थानीय विद्यालय की स्काउट/ गाइड प्रभारी नम्रता कुमावत, जिला प्रशिक्षण आयुक्त पिंकी सिंह, ट्रेनिंग काउंसलर कृष्ण कुमार एवं बालिकाएं तथा अन्य विद्यालयों के बालक बालिकाएं भी सम्मिलित रहे।

# कब मास्टर फ्लॉक लीडर बेसिक कोर्स शिविर का आयोजन






## विभिन्न प्रकार की स्काउटिंग गतिविधियों की दी गयी जानकारी

हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य संभाग मुख्यालय अजमेर के तत्वाधान में कब मास्टर फ्लॉक लीडर बेसिक कोर्स शिविर का आयोजन नोवल अकेडमी, इंद्रपुरा, सरवाड़ में किया गया. मुख्य अतिथि श्री राजेंद्र शर्मा, संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा अजमेर डिविजन के द्वारा शिविर का निरीक्षण किया गया. उन्होंने सभी प्रतिभागियों को स्काउटिंग के माध्यम से अपने जीवन में चरित्र निर्माण ,व्यक्तित्व विकास, और अनुशासन लाने के बारे में बताया. इसी के साथ-साथ उन्होंने स्वीप कार्यक्रम के तहत सभी को मतदान का महत्व बताया और लोगो को मतदान के लिए जागरूक करने की प्रेरणा दी. कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री नंदलाल चौधरी, डायरेक्टर नोवेल अकेडमी रहे. शिविर में श्रीमती चित्रलेखा शुक्ला, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड ), श्री विशाल कुमार सेन, सहायक राज्य संगठन आयुक्त, अजमेर संभाग ,श्री मनोज सराधना, जिला ऑर्गेनाइजर अजमेर, श्री रमेश प्रजापत, जिला ऑर्गेनाइजर अजमेर के द्वारा सभी संभागियों को प्रशिक्षण दिया गया।

# बांदीकुई विधायक भागचंद टकड़ा ने सराहा स्काउट गाइड के कार्यो को



हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय दौसा के तत्वाधान में जिला आर्गेनाइजर श्री सोनू शर्मा के निर्देशन में स्काउट गाइड की टुकड़ी ने बांदीकुई पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिक खेल मिलन समारोह में हिस्सा लिया और अतिथियों को सलामी दी. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बांदीकुई विधायक भागचंद टकड़ा ने स्काउट गाइड की टीम से किये जा रहे कार्यो के बारे में जानकारी ली और विधानसभा चुनावों में प्रशासन के सहयोग के लिए पीठ थपथपाई. विधायक ने कहा की स्काउट गाइड के सदस्यों द्वारा चुनावों के दौरान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गए और मतदान के दिन भी प्रभावी सेवाए दी गयी जो की सरहानीय है. इस दौरान विद्यालय के डायरेक्टर श्री गौरव झालानी, श्री प्रिंसिपल शरद रेडी, स्काउट से सौरव वर्मा और आकाश शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे

# मतदाता जागरूकता के लिए आयोजित रैली को सिविल न्यायाधीश ने दिखाई हरी झंडी




हिन्दुतान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य संभाग मुख्यालय अजमेर के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को सरवाड़ सिविल न्यायाधीश कार्तिक शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली अजमेर कोटा रोड, चमन चौराहा, लिंक रोड, बस स्टैंड, सीनियर स्कूल रोड, समेलिया चौराहा होते हुए चमन चौराहे पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान रैली में मतदाता जागरूकता के लिए मेरा देश मेरा वोट, मेरी जिम्मेदारी के नारों के साथ जागरूकता की अपील की गई। इसके साथ ही अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया। रैली के दौरान राज्य प्रशिक्षण आयुक्त चित्रलेखा, सिविल न्यायालय के वरिष्ठ सहायक आमीन मंसूरी, बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुधीर पारीक, सहायक राज्य संगठन आयुक्त विशाल कुमार सेन, नोवेल स्कूल डायरेक्टर नंदलाल चौधरी, जिला ऑर्गेनाइजर मनोज सराधना, रमेश प्रजापत, सीमा पांचाल, मधु पांचाल, हेमराज कुमावत आदि शामिल हुए।

## सवाई माधोपुर में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सजाई गयी रंगोली



हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय सवाई माधोपुर के तत्वावधान में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्काउट गाइड द्वारा रंगोली सजाई गई साथ ही स्काउट गाइड के बालक-बालिकाओं द्वारा जागरूकता रैली भी निकाली गई। रैली को सहायक राज्य संगठन आयुक्त श्री भरत लाल प्रजापत, नारायण लाल मीणा, पीईईओ, प्रियंका यादव, प्रधानाचार्य महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय आदि ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के दौरान स्काउट गाइड मतदाता जागरूकता के नारे लगाते हुए मुख्य बाजार, गांव की गलियों से होते हुए वापस विद्यालय पहुंची।

# डॉ. अनुज शर्मा बने हिन्दुस्तान स्काउट एण्ड गाइड्स गंगापुर सिटी के जिलाध्यक्ष




हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला गंगापुर सिटी की प्रथम जिला कार्यकारिणी का गठन जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक एवं पदेन जिला आयुक्त हिन्दुस्तान स्काउट गाइड देवीलाल मीना के निर्देशन में सर्वसम्मति से किया गया जिसमें अध्यक्ष पद पर डॉ. अनुज कुमार शर्मा, निदेशक भगवती ग्रुप ऑफ एजुकेशन गंगापुर सिटी, उप संरक्षक घनश्याम लाल शर्मा लीडर ट्रेनर, जिला सचिव राजेश आचार्य, जिला कोषाध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल, जिला मुख्यालय आयुक्त राधेश्याम मीणा, सेवा निवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी, मारूति नंदन शर्मा, व्याख्याता महात्मा गांधी नर्सिंग कॉलेज जयपुर, जिला प्रशिक्षण आयुक्त जयसिंह राजपूत एवं ब्लॉक सचिव गंगापुर सिटी के पद पर शिम्भू लाल माली, कार्यवाहक प्रधानाचार्य, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मिर्जापुर को नियुक्त किया गया। इस दौरान सभी पदाधिकारियों का स्कार्फ व साफा पहनाकर अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर सहायक राज्य संगठन आयुक्त भरतपुर संभाग श्री भरतलाल प्रजापत के द्वारा जिला मुख्यालय स्थित भगवती पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई।

## दौसा में अमर शहीद प्रह्लाद सिंह राजपूत को दी गयी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय दौसा के तत्वधान में अमर शहीद राजस्थान पुलिस के जवान प्रह्लाद सिंह राजपूत को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। स्काउट गाइड ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। प्रहलाद सिंह की वीरता, निडरता व कर्तव्यनिष्ठा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की सेवा करने को लेकर अपने प्राणों का त्याग करने वाला हमेशा अमर रहता है। गौरतलब है की 23 अगस्त को दौसा के रेटा गांव में पुलिस और बदमाशों की मुठभेड़ में पुलिस कांस्टेबल प्रह्लाद सिंह को गोली लगी थी।

## जिला शिक्षा अधिकारी को किया गया सम्मानित



हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय जयपुर में जिला आर्गेनाइजर श्री रुपेश कुमार मीणा के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र कुमार शर्मा को उत्कृष्ट कार्यो के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया. इस दौरान गाइड प्रभारी परमेश्वरी भी मौजूद रही।

# हनुमानगढ़ में कोमल पद पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय हनुमानगढ़ के तत्वाधान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रोड़ावाली में कोमल पद पर प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत की गई जिसमें बालक व बालिकाओं को स्काउट गाइड से संबंधित जानकारी दी गई। जिला आर्गेनाइजर श्री दीपक यादव ने बताया कि इस शिविर में बच्चों ने भी उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्रीमति सरोजिनी डागला, स्काउट प्रभारी श्रीमति विजयलक्ष्मी सहगल, व विद्यालय के अन्य अध्यापक गण उपस्थित रहे।



# विधायक रामबिलास मीणा हिंदुस्तान स्काउट गाइड के लालसोट विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष बने

लालसोट विधानसभा के विधायक श्री रामबिलास मीणा को हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स के जिला आर्गेनाइजेशन के निर्देश पर ब्लॉक सचिव श्री नवीन पांखला ने डूंगरपुर स्थित विधायक निवास पर विधि विधान से विधायक श्री रामबिलास मीणा को स्कार्फ पहनाकर लालसोट विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष पद का पदभार सौंपा है। लालसोट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री महेश ककराला को उपाध्यक्ष



पद की जिम्मेदारी दी है। इस दौरान विधायक ने संगठन का विकास कर राष्ट्र निर्माण में योगदान करने की बात कही। ब्लॉक सचिव श्री नवीन पांखला ने बताया कि जल्द ही सर्वसम्मति से संगठन का विस्तार कर नए पदों पर भी क्षेत्र के ऊर्जावान लोगों को जिम्मेदारी दी जाएगी। इस दौरान एडवोकेट श्री प्रकाश शर्मा, श्री बाबूलाल सैनी, श्री विश्वास कुईवाला सहित कई लोग मौजूद रहे।



# योग दिवस पर कार्यक्रम

जयपुर जिला में विद्यास्थली शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय कॉलेज दुर्गापुरा में योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# इलेक्शन जागरूकता अभियान की झलकियां .....
## चुनाव में सेवा देते रोवर / रेंजर्स


श्रीगंगानगर


जयपुर


राजसमन्द


सवाई माधोपुर





श्रीगंगानगर




अलवर


अलवर


सवाई माधोपुर


अलवर


झुंझुनूं


हनुमानगढ़

# इलेक्शन जागरूकता अभियान की झलकियां .....



राजसमन्द


जयपुर


राजसमन्द



राजसमन्द


चित्तौडगढ़


हनुमानगढ़

# इलेक्शन जागरूकता अभियान की झलकियां .....



सीकर



झुंझुनूं





चित्तौडगढ़



# हिन्दुस्तान स्काउट एवं गाइड राजस्थान राज्य की राज्य स्तरीय कार्यशाला श्रीगंगानगर में आयोजित

## श्रीगंगानगर के भामाशाह जयदीप बिहानी को किया गया विशेष सहयोग के लिए सम्मानित

हिन्दुस्तान स्काउट एवं गाइड राजस्थान राज्य राज्य मुख्यालय उदयपुर के तत्वावधान में जिला मुख्यालय गंगानगर पर राज्य स्तरीय ऑर्गेनाइजर की तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी. श्रीगंगानगर जिला ऑर्गेनाइजर सन्दीप मांझू ने बताया की इस राज्य स्तरीय ऑर्गेनाइजर की तीन दिवसीय कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ भीम सिंह कासनियां भामाशाह रहें. कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य संगठन आयुक्त स्काउट रिपुदमन सिंह गिल ने की. इस कार्यक्रम में राज्य प्रशिक्षण आयुक्त प्रदीप मेघवाल, राज्य मुख्यालय आयुक्त निर्मल जैन विशेष रूप से मौजूद रहे. इस वर्कशॉप में राजस्थान राज्य के समस्त सहा. राज्य संगठन आयुक्त व जिला ऑर्गेनाइजर ने हिस्सा लिया. इस दौरान संगठन का विशेष सहयोग करने पर भामशाह और समाजसेवी श्री जयदीप बिहानी का सम्मान किया गया. श्री जयदीप बिहानी ने संगठन की गतिविधियों को सराहा और भविष्य में भी सहयोग का आश्वासन दिया. मंच संचालन सहा. राज्य संगठन आयुक्त अजमेर सम्भाग विशाल सैन ने किया।





# विजय दिवस समारोह में स्काउट गाइड की टीम ने लिया हिस्सा

भरतपुर जिले में विजय दिवस समारोह आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम में हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय भरतपुर के जिला आर्गेनाइजर श्री रोहिताश सिंह के नेतृत्व में स्काउटिंग टीम ने हिस्सा लिया. इस दौरान टीम ने जिला कलेक्टर श्री लोकबंधु तथा जिला पुलिस अधीक्षक श्री मृदुल कच्छावा से मुलाकात की और उनको हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की.

# बीएसएफ डीआईजी पुष्पेंदर सिंह का स्काउट स्कार्फ पहनाकर स्वागत

हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय बीकानेर के तत्वाधान मे मां करणी बीएसटीसी कॉलेज नाल के सात दिवसीय शिविर के समापन समारोह के अवसर पर कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि बीएसएफर डीआईजी पुष्पेंदर सिंह राठौड़ ने शिरकत की. जिला आर्गेनाइजर श्री रमेश कुमार बुनकर ने उनका स्काउट स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया. इस दौरान उन्होंने शिविर के कार्यक्रमों के बारे में जानकारी ली और स्काउट गतिविधियों को सराहा. शिविर के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया. राज्य संगठन आयुक्त श्री मति कविता जैन ने आए हुए अतिथियों व कॉलेज स्टाफ का आभार व्यक्त किया।



# दौसा जिला मुख्यालय पर टाइल लगवाने की मांग, सौंपा ज्ञापन



हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड जिला मुख्यालय दौसा के तत्वाधान में नगर परिषद् दौसा में नवनियुक्त नगर आयुक्त महोदय को जिला मुख्यालय पर टाइल लगवाने व सफाई करवाने के लिए ज्ञापन दिया गया। इस दौरान नगर आयुक्त महोदय का स्वागत भी किया गया। उन्होंने जल्द ही समस्या का समाधान करवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान रोवर लीडर सौरव वर्मा, आकाश शर्मा, राहुल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# देश में स्काउट/गाइड यात्रा

**गतांक से आगे**

2 जुन 1848 सायं 4 बजे शिक्षा मंत्रालय के कक्ष में बैठक हुई। जिसमें दोनों संस्थाओं के दो–दो सदस्य और बुलाये और निर्णय लिए कि– 1. नये संगठन का नाम हिन्द स्काउट्स रहेगा और विधान भी इसी के आधार पर होगा। 2. साधारण सभा प्रतिवर्ष अपने पदाधिकारी चुनेगी। जो नियम, उप नियम बनायेगी और मार्गदर्शन करेगी। 3. कार्यकारिणी समिति साधारण सभा द्वारा निर्मित नीतयों का पालन करेंगी व दक्षता के लिए उत्तरदायी होगी। 4. प. श्री राम वाजपेयी व डॉ एस.एन. नाटु (हि.स्का.ए.) श्री जी. टी. जे थेडियस, श्री पी के मेनन (बा.स्का.ए.) को संगठन का संविधान बनाने के लिए कार्य सौंपा। 31 मार्च 1949 को नेशनल हेडक्वार्टर (बाय स्काउट एसोसिएशन) नये चुनाव तक पदाधिकारी कार्य करने हेतु चुने गये।

1. प. हर्द्वयनाथ कुंजरू, चीफ कमि.
2. जस्टिस विवियम बॉस, डिप्टी चीफ कमिश्नर
3. प. श्रीराम वाजपेयी, नेशनल ओर्गे. कमि.
4. श्री जी.टी.जे थेडियम, प्रधान सचिव
5. श्रीमती एच.सी., केप्टीन, प्रतिनिधि गर्ल गाइड एसोसिएशन
6. हिन्दुस्तान स्का. एसों. के 9 सदस्य
7. बॉय स्का एसों. के 9 सदस्य

प्रदेशों में भी ऐसी ही पद्वति अपनाने का निर्णय लिया। सर तेगबहादुर सपू को आजीवन सम्मानित चीफ कमिशनर घोषित किया। संविधान बनाते समय बॉय स्काउट एसोसिएशन के कुछ सदस्यों ने हिन्द शब्द पर आपत्ति की।

हिन्दुस्तान स्का. एसोसिएशन ने 22 अगस्त 1948 को एक आपातकालीन बैठक बुलाई। जिसमें वैतनिक कर्मचारियों की सेवा की गारंटी एवं भारतीय पद्धति से प्रशिक्षण पर विचार हुआ। नागपुर में 28–29 अगस्त 1948 को आयोजित बैंठक में डॉ. एच. एन. कुंजरू, डॉ. एम.एन. नाटू, श्रीमती कुसुम सहानी, श्री मदनमोहन (मेरठ कॉलेज के



प्रिंसिपल), जो गोरखपुर विश्व विद्यालय के कुलपति बने एवं श्री आर.के. सिदूवा थे। कार्यसमिति के लिए श्रीमती आर. घरपुरे, श्रीमती प्रभा बेनर्जी, श्री आर.के. सिवा, श्री मदनमोहन, श्री एम.बी. ढोड़े, श्री वीरदेववीर एवं रामानंद को चुना। एकीकरण पर हस्ताक्षर करने में श्रीराम वाजपेयी, लाल हंसराज गुप्ता कालोतर में दिल्ली महापौर, श्री मदनमोहन को अधिकृत किया। नागपुर बैठक सपू के बीमार होने से जस्टिस विवियन बॉस ने अध्यक्षता की। कुछ सदस्य भयभीत थे कि उनके साथ अन्याय न हो। मध्यभारत के तत्कालीन गवर्नर मंगलदास पकवासा के सम्मुख इनसे डॉ एच. एन. कुंजरू और वाजपेयी मिले और भ्रांतियां दूर कर दी। 31 अगस्त 1948 को पकवासा की अध्यक्षता में बैठक हुई। बॉय स्का. एसोसिएशन के कमाण्डर के.बी. गोदरेज, श्री थेडियस ,श्री रामस्वरूप धीमन , श्री दानमल माथुर, हिन्दुस्तान स्का. ऐसो. के कुंजरू, वाजपेयी ,मदन मोहन, डी.पी जोशी तथा के.जी. वेदनाथन ने भाग लिया। 9 मई 1949 को राष्ट्रपति भवन में नवगठित एकिकरण समिति की बैठक सांय 4 बजे हुई। कुंजरू, ताराचंद, विवियन बॉस ने भाग लिया। डॉ राजेन्द्र प्रसाद प्रथम राष्ट्रपति सम्मानपूर्वक शीघ्र ही एकिकरण के इच्छुक थे। इस सभा के निर्णय थे–

1. संस्था का नाम – हिन्द. स्का. गा. रखा गया।
2. संविधान व झण्डे के रंग पर विचार विमर्श हुआ।
3. आगामी तीन वर्ष के लिए वैतनिक व अवैतनिक निम्न पदाधिकारी होंगे।
4. डॉ एच.एन. कुंजरू, नेशनल कमि.।
5. जस्टिस विवियन बॉस, चीफ कमि. (स्का.)।
6. श्रीमती एच.सी. केप्टेन, चीफ कमि. (गा.)।
7. श्री राम वाजपेयी राष्ट्रीय संगठन कमि.।
8. श्री जी.टी.जे. थेडियस, श्रीमती चंचल मोहिनी, कुमारी ताहीमा आशा संयुक्त राष्ट्रीय कमि. तथा श्री जानकीशरण वर्मा नेशनल सेकेट्री।

22–23 अक्टूबर 1949 को बैंठक नागपुर में हुई। इसमें चल व अचल संपत्ति के ट्रस्टी एच. एन. कुंजरू, विवियन बॉस तथा श्रीमती एच.सी केप्टन चुने गये। 1.80 लाख रूपये कर्मचारियों के वेतन के लिए अलग रखने का निर्णय लिया। तीसरी बैठक 26 दिसम्बर 1949 को राजभवन नागपुर में तत्कालीन गर्वनर मंगलदास पकवासा की अध्यक्षता में हुई। इसमें निर्णय हुआ कि गाइड फण्ड का उपयोग गाइड के लिए ही करेंगें।

बॉय स्काउट एसोसिएशन की बैठक 12 फरवरी 1950 को नागपुर में विवियन बॉस की अध्यक्षता में हुई। एकीकरण का प्रस्ताव बडी कठिनाई से पास कराया क्योंकि पुराने सदस्य नहीं चाहते थे। लेकिन डॉ हिदायतुत्वा ,सरदार हद्धयालसिंह, श्री सरोजघोष, डॉ एम.एन. जुत्थी तथा श्री श्यामसुन्दर शर्मा के सक्रिय सहयोग से प्रस्ताव पारित हो गया। 6 अक्टुबर 1950 को न्यायालय में कोष हस्तान्तरित करने हेतु आवेदन किया। 7 नवम्बर 1950 को वह चिर, प्रतिक्षित घड़ी आ गई जब बॉय स्काउट एसोसिएशन व हिन्द स्काउट एसोसिएशन एक हो गये। पंजीकरण के समय हिन्द स्काउट गाइड एसों. के स्थान पर भारत स्काउट गाइड ऐसोसिएशन नामकरण किया गया। इस समय गर्ल गाइड एसोसिएशन अभी भी अलग थी।

उनकी निम्न थी-

1. राष्ट्रीय तथा प्रादेशिक स्तर पर गाइड का प्रशासन व प्रशिक्षण महिलाओं के हाथ में रहें।

2. राष्ट्रीय संगठन कमि. गाइड अलग हो। वह चीफ कमिश्नर (गाइड) के अन्तर्गत कार्य करें।

3. महिलाएं भी नेशनल कमि. बनने की अधिकारी हो।

एकीकरण समिति के अध्यक्ष तथा श्री एच.एन. कुंजरू के आश्वासन पर 15 अगस्त 1951 को गर्ल गाइड एसोसिएशन इन इण्डिया भी भारत स्काउट - गाइड एसो. में शामिल हो गई। नेशनल कौन्सिल की प्रथम बैठक दिल्ली में 31 अक्टुबर व 1 नवम्बर 1953 को हुई। मंगलदास पकवासा प्रथम अध्यक्ष चुने गये। डॉ हदयनाथ कुजंरू प्रथम नेशनल कमि. चुने गये। तब से अब तक ए.पी. आर. ओ. (उद्वेश्य नीति, नियम और संगठन) के आधार पर भारत में स्काउट व गाइड एक झण्डे तले विश्व बंधुत्व की भावना से कार्य कर रहें है।

इतना सबकुछ हो जाने के बाद भी ऑल इण्डिया बॉय स्काउट एसो. ने एकीकरण में भाग नही लिया व अपने स्तर पर कार्य करते रहें। इस तरह से आजादी के बाद 2 स्काउट/गाइड संस्थाएं कार्य कर रही थी।

वर्ष 1998 में स्काउट/गाइड के पुरानें कार्यकर्ताओं ने देखा की आजादी के बाद इतने वर्ष बीत जाने पर भी स्काउटिंग के क्षेत्र में कोई ज्यादा कार्य नही हुआ बल्कि आजादी से पूर्व स्काउटिंग/गाइडिंग पुरे भारत में कई गुना फैली हुई थी जबकि विश्व के छोटे-छोटे देशों में स्काउट/गाइड की कई संस्थाएं काम कर रही थी। इन समस्त कारणों को देखते हुए पुनः एक संगठन 1998 में दिल्ली में स्थापित किया गया। जिसका नाम हिन्दुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स रखा गया। वर्ष 2001 में भारत सरकार द्वारा हिन्दुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स को भारत स्काउट गाइड के समान्तर मान्यता प्रदान की गई इस प्रकार से भारत में स्काउट/गाइड के क्षेत्र में 2 संस्थाएं हो गई।

**1. भारत स्काउट/गाइड**

**2. हिन्दुस्तान स्काउट/गाइड**

हिन्दुस्तान स्काउट/गाइड का विस्तार धीरे-धीरे सम्पूर्ण देश में होता गया और आज भारत के लगभग समस्त प्रदेशों में हिन्दुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स बालक-बालिकाओं के उत्थान के लिए कार्य कर रहें है। इसी प्रकार से राजस्थान में हिन्दुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स की स्थापना वर्ष 2002 में श्री नरेन्द्र औदिच्य द्वारा की गई उनके अथक प्रयासों एवं मेहनत से वर्ष 2015 में राज्य सरकार द्वारा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के समान्तर मान्यता प्रदान की। इस तरह से राजस्थान प्रदेश में भी 2 स्काउट/गाइड संगठन कार्य करने लगे। आज हिन्दुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स राजस्थान के समस्त जिलों में अपना कार्य कर रहा है व युवाओं के उत्थान के साथ-साथ सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं को आम जन तक पहुंचाते हुए अपना कार्य सूचारू रूप से संचालित करवाए राज्य सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा हिन्दुस्तान स्काउट गाइड को राजकीय माध्यमिक/उच्च माध्यमिक के 4630 विद्यालय में हिन्दुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स की गतिविधियां संचालित करने हेतु आवंटित किये गये इसके अतिरिक्त कई निजि विद्यालय एवं महाविद्यालय को भी गतिविधि से जोड़ा गया है।

**- नरेन्द्र औदिच्य, राज्य सचिव, राजस्थान**





हिंदुस्तान स्काउट गाइड जिला मुख्यालय सिरोही के तत्वाधान में आयोजित फलोक लीडर बेसिक कोर्स शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जिले के दो बीएसटीसी विद्यालय ने भाग लिया श्रीमती चंद्रावल बीएसटीसी कॉलेज रेवदर सिरोही और श्रीमती चंद्रावल बीएसटीसी कॉलेज आबू रोड सिरोही इस शिविर में लेआउट प्राथमिक उपचार गांठे अनुशासन मार्च पास्ट कैंफायर ध्वज के बारे में आदि जानकारियां दी गई इस शिविर में स्काउट स्टाफ के रूप में श्रीमान मनीष शेरावत सहायक राजा संगठन आयुक्त जोधपुर श्री अभिषेक वर्मा जिला ऑर्गेनाइजेशन सिरोही सुश्री सीमा रेंजर लीडर सुश्री लक्ष्मी रेंज लेटर आदि मौजूद रहे

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में स्काउट गाइड ने किया योजनाओ के प्रति जागरूक

हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय दौसा के तत्वाधान में जिला आर्गेनाइजर श्री सोनू शर्मा के निर्देशन में ब्लॉक मुख्यालय लालसोट में प्रशासन द्वारा आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में स्काउट गाइड की टीम ने सम्मितलित होकर आमजन को केंद्र सरकार की योजनाओ के प्रति जागरूक किया. ब्लॉक सचिव श्री नवीन शर्मा ने बताया कि स्काउट गाइड के सदस्यों ने आमजन को विभिन्न योजनाओ के पम्पलेट वितरित किये और योजनाओ के बारे में जानाकरी दी जिससे आमजन अधिक से अधिक इन योजनाओ से लाभान्वित हो सके.



# हनुमानगढ़ में स्काउट गाइड ने रक्तदान शिविर में किया सहयोग







हनुमानगढ़ के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रोडावली प्राइमरी सेक्शन में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें स्काउट गाइड की टीम ने विशेष् सहयोग किया. जिला आर्गेनाइजर श्री दीपक यादव ने बताया कि इस शिविर में स्काउट प्रभारी शिक्षिका श्रीमति विजयलक्ष्मी सहगल के नेतृत्व में 65 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया. रक्तदान शिविर प्रभारी विजयलक्ष्मी सहगल ने कहा रक्तदान का हमारे जीवन में बहुत महत्व है. एक बार व्यक्ति रक्तदान करके चार जिंदगियां बचा सकता है और इससे आत्मा को संतुष्टि भी मिलती है. इस दौरान रक्त संग्रहण करने वाले ब्लड बैंक की ओर से स्काउट गाइड की टीम को सम्मान पत्र देकर सम्मानित भी किया गया.

# श्रीगंगानगर में स्काउटर गाइडर बेसिक एडवांस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन





हिन्दुस्तान स्काउट एवं गाइड राजस्थान राज्य संभाग मुख्यालय बीकानेर के तत्वाधान में जिला मुख्यालय गंगानगर में आयोजित स्काउटर गाइडर बेसिक एडवांस प्रशिक्षण शिविर में संभाग के राजकीय विधालयों के स्काउटर गाइडर ने हिस्सा लिया. जिला ऑर्गेनाइजर (स्काउट) सन्दीप मांझू ने बताया की इस शिविर के मुख्य शिविर संचालक राज्य संगठन आयुक्त रिपुदमन सिंह गिल के द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को करवाया गया. जिला ऑर्गेनाइजर (गाइड) मीनूरानी ने स्काउट गाइड सिद्धांत, उद्देश्य, इतिहास, पायनियरिंग, प्राथमिक सहायता, मैपिंग के बारे में प्रशिक्षण दिया. जिला प्रशिक्षण आयुक्त साहब राम छिम्पा ने नियम, प्रतिज्ञा, अनुमान लगाना, ध्वज शिष्टाचार, बीपी सिक्स व्यायाम, निरीक्षण, भोजन बनाना आदि का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में हिन्दुस्तान स्काउट एवं गाइड राज्य मुख्यालय के राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) रिपुदमन सिंह गिल द्वारा स्काउट मास्टरों को मंकी ब्रिज, कमाण्डो ब्रिज, टाइगर ब्रिज का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण दल में राकेश कुमार प्रधानाचार्य रा.उ.मा.वि. बगीचा, रविकान्त ( स्काउट मास्टर ) महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय जैतसर, अशोक त्यागी महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय न. 13 गंगानगर उपस्थित रहे।





## झाड़ोल उदयपुर राज्य स्तरीय मूट मीट कैम्प





# झुंझनू में बेजुबान पक्षियों के लिए लगाए गए परिंडे



जिला झुंझनू के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सीगड़ा के विद्यालय स्टाफ और बच्चों द्वारा परिंडे लगाए गए. इस अवसर पर हिंदुस्तान स्काउट गाइड के ट्रेनर प्रदीप कुमार ईशरवाल ने बच्चों को पशु पक्षियों के प्रति दया भाव और स्काउट विषय की जानकारी दी. प्रधानाचार्य रामनिवास झाझरिया ने स्काउट मूल्यों को जीवन में उतारने पर बल दिया. इस अवसर पर प्रमोद कुमार, शिवपाल सिंह, राजपाल, शैतान सिंह, सुग्रीव सिंह, कमल किशोर, सुरेंद्र कुमार, विमला, प्रह्लाद सिंह आदि का सहयोग रहा. उप प्रधानाचार्य सांवरमल कालेर ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।




# बारां में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन

हिंदुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय बारा के तत्वाधान मे मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, भठवाड़ा से किया गया. इस रैली को जिला आर्गेनाइजर श्री अजय कुमावत व संस्था प्रधान श्री राजेंद्र मेहता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. यह जागरूकता रैली राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से रवाना होकर गांव के मुख्य मार्गो से होती हुई ग्राम पंचायत भवन पर समाप्त हुई. इस दौरान विधालय के बच्चो ने ग्रामीणों को मतदान करने के प्रति जागरूक किया।

# दौसा में एक दिवसीय आपदा प्रबंधन शिविर आयोजित

हिंदुस्तान स्काउट्स एन्ड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय दौसा के तत्वाधान में एक दिवसीय आपदा प्रबंधन शिविर का आयोजन सहायक अग्निशमन अधिकारी श्री कुलदीप माणतवाल के निर्देशन में किया गया. जिला ऑर्गेनाइजर स्काउट श्री सोनू शर्मा ने बताया कि शिविर के दौरान मौजूद संभागियों को आपदा नियंत्रण के दौरान स्काउटिंग के माध्यम से बस्ती में आग लगने पर लोगों को कैसे बचाया जाए, सिलेंडर में आग लगने पर कैसे बचाया जाए, आग कैसे बुझाई जाए, व्यक्ति खुद की और अन्य की जान कैसे बचाए, ऊँचे फंसे हुए व्यक्तियों को कैसे उतारा जाये आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी. जिला ऑर्गेनाइजर गाइड श्रीमती नयना मीणा ने बताया कि संभागियों ने इस शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लिया. इस दौरान अग्निशमन केंद्र से दिलकश गुर्जर, फायरमैन महेंद्र कुमार गुर्जर, फायर ड्राइवर आदि उपस्थित रहे.





# दौसा में बेसिक एडवांस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

## विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के बारे में दी गयी जानकारी



हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय दौसा के तत्वाधान में बेसिक एडवांस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर संचालक श्री घनश्याम शर्मा, आईटी स्काउट सहायक और शिविर संचालक श्री सोनू शर्मा ने बताया कि प्राथमिक उपचार, ध्वज शिष्टाचार, गांठे, प्रार्थना, नियम, प्रतिज्ञा, अनुमान लगाना, स्काउटिंग एक जीवन जीने की कला, आदि में बारे में इस शिविर के दौरान विस्तार से जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि इसके साथ साथ भोजन बनाना, एडवेंचर, ध्वज लगाना, ध्वज उतारना के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। जिला ऑर्गेनाइजर सुश्री नयना मीणा ने बताया यह आवासीय शिविर रामदेव मंदिर, निहालपुरा, अचलपुरा, सिकराय दौसा में आयोजित किया गया।



लीडरशिप ट्रेनिंग कोर्स के दौरान राज्य पदाधिकारी और स्काउट गाइड



जयपुर के एसएमएस ऑडिटोरियम में आयोजित एक शिविर के दौरान स्काउट गाइड के बालक प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए



श्रीगंगानगर- पांच दिवसीय अंतर जिला शैक्षिक भ्रमण के तहत बीकानेर किले में भ्रमण करते बच्चे



हनुमानगढ़- पांच दिवसीय अंतर जिला शैक्षिक भ्रमण के तहत बीकानेर किले में भ्रमण करते बच्चे




श्री नाना लाल वया, राज्य कोषाध्यक्ष, रोवर मूट रेंजर मीट पोस्टर का विमोचन करते हुए



स्काउटिंग में उत्कृष्ट कार्य करने पर ब्लॉक स्तर पर सम्मान प्राप्त करते हुए ट्रेनर श्री प्रदीप कुमार, जिला झुंझुनू



अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन उदयपुर का स्काउट स्कार्फ पहनकर स्वागत करते राज्य प्रशिक्षण आयुक्त श्री प्रदीप मेघवाल



संभाग स्तरीय स्काउटर गाइडर बेसिक एडवांस्ड प्रशिक्षण शिविर उदयपुर




राजस्थान के केबिनेट मंत्री श्री बाबूलाल खराड़ी द्वारा युवा दिवस कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन साथ में राज्य सचिव श्री नरेंद्र औदिच्य, राज्य संगठन आयुक्त श्री रिपुदमन सिंह गिल और राज्य प्रशिक्षण आयुक्त श्री प्रदीप मेघवाल।



हिंदुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री श्री पुरुषोत्तम रुपाला का राज्य सचिव श्री नरेंद्र औदिच्य बुके भेंट कर अभिनन्दन करते हुए।



पूर्व शिक्षा मंत्री हरियाणा श्री रामविलास शर्मा का अभिनन्दन करते हुए सहायक सचिव समन्वयक श्री विजय दाधीच।




केंद्रीय सूचना और प्रसारण, और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री श्री अनुराग ठाकुर का अभिनन्दन करते हुए राज्य प्रशिक्षण आयुक्त श्री प्रदीप मेघवाल और सहायक राज्य संगठन आयुक्त श्री विशाल सेन



उदयपुर विधायक श्री फूल सिंह मीणा एवं राज्य मंत्री राजस्थान सरकार का अभिन्दन करते हुए सहायक राज्य संगठन आयुक्त श्री विशाल सेन और राज्य प्रशिक्षण आयुक्त श्री प्रदीप मेघवाल।



सलूंबर विधायक अमृतलाल जी मीणा का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए राज्य प्रशिक्षण आयुक्त श्री प्रदीप मेघवाल।

प्रेषक :- हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य नजदीक गुरू गोविन्द सिंह स्कूल, गांधी ग्राउंड चेतक सर्किल उदयपुर राजस्थान 313001 आर.एन.आई. नं. : **RAJBIL27007**

Printed by : DOLLY CREATION, 88751-58000